NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 220/NCRES/19 Date : 8.8.2019

श्रीमान प्रधान मुख्य विद्युत अभियन्ता
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषय :– विद्युत लोको शेड झांसी में स्थानान्तरित किये गये पैसेन्जर लोको को वापस किया जाना।

महोदय,

विद्युत लोको शेड झांसी गुड्स लोको का शेड है जहाँ 207 लोको का रख–रखाव किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी यार्ड स्टिक के अनुसार शेड में सुपरवाइजर समेत 1139 स्टाफ की आवश्यकता है किन्तु शेड में स्टाफ की स्वीकृति संख्या मात्र 727 है व वर्तमान में आन रोल केवल 562 स्टाफ है। 154 रिक्तियों के कारण शेड में कार्यरत स्टाफ के ऊपर कार्य का अत्यधिक दबाव है जिससे शेड का स्टाफ तनाव में रहकर ड्यूटी करने के लिये बाध्य है।

यह भी अवगत कराना है कि 154 रिक्तियों को भरने के बजाय प्रशासन द्वारा 10 पैसेन्जर लोको (WAP-4) रख–रखाव के कार्य के लिये झांसी विद्युत लोको शेड में भेजा गया है जबकि झांसी लोको लोको शेड गुड्स लोको का शेड है और वहाँ पैसेन्जर लोको के रख–रखाव के लिये न तो प्रशिक्षित स्टाफ है एवं न ही सामग्री ही उपलब्ध है। इससे शेड का कर्मचारी जो पहले से ही कार्य के बोझ से तनाव में ड्यूटी कर रहा था, 10 पैसेन्जर लोको के शेड में आने से उत्तेजित है जो संरक्षा के दृष्टिकोण से भी उचित प्रतीत नही होता है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि विद्युत लोको शेड झांसी की रिक्तियों को शीघ्र भरा जाय व मानक के अनुसार स्वीकृत संख्या को संशोधित कर पद बढ़ाये जाय एवं पैसेन्जर लोको को विद्युत लोको शेड झांसी में स्थानान्तरित करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने का कष्ट करे और जो स्थानान्तरित किये गये है, उन्हें वापस करने के लिये उचित आदेश करने का कष्ट करे ताकि शेड के कर्मचारियों में व्याप्त असंतोष दूर हो सके, वहाँ शांति का माहौल स्थापित किया जा सके और जारी किये गये आदेश की प्रति NCRES को दिया जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री